RAF SECTOR
NEWS CLIP
24/05/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Rajasthan patrika, Jaipur(R.J)

सीआरपीएफ महानिरीक्षक ने बटालियन का किया दौरा
'कोरोना महामारी का सावधानी से करें मुकाबला'

सीआरपीएफ केम्पस का अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते आईजीपी।

जमवारामगढ़. देश में कोरोना महामारी का प्रकोप है। ऐसे मे सुरक्षाबलों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। महामारी से बचाने के साथ राष्ट्र को इस दौर से निकालने में मदद करना हमारा दायित्व है। शनिवार को रेपिड एक्शन फोर्स सीआरपीएफ सेक्टर नई दिल्ली के पुलिस महानिरीक्षक राधा मोहन मीना ने जयपुर-जमवारामगढ स्टेट हाइवे पर लालवास स्थित आरएएफ की 83 बटालियन के दौरे के बाद विशेष सैनिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुई कही। उन्होंने कहा कि हैल्थ प्रॉटोकाल की पूरी पालना करे। मीना ने जवानो को केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार से जानकारी दी। इससे पहले पुलिस महानिरीक्षक ने बटालियन परिसर में जवानों के लिए बनाए गए नए आवासों का फीता काटकर उद्घाटन किया। पुलिस महानिरीक्षक ने आरएएफ एवं सीआरपीएफ बटालियन का निरीक्षण किया। पुलिस महानिरीक्षक को बटालियन के क्वार्टर गार्ड में सेरेमोनियल गार्ड से सलामी ली। पुलिस महानिरीक्षक ने जवानों से सामाजिक दूरी की पालना करते हुए व्यक्तिगत रुबरू होकर उनसे बटालियन के कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान आरएएफ कमांडेट प्रवीण कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल सहित बटालियन के अधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

Gulabi Times ,Jaipur(R.J)

आरएएफ पुलिस महानिरीक्षक ने किया सीआरपीएफ 83 बटालियन का दौरा

जवानों के आवास का किया उद्घाटन

जयपुर गुलाबी टाइम्स

आमेर। राजधानी जयपुर के आमेर स्थित सीआरपीएफ 83 बटालियन का पुलिस महा निरीक्षक आरएएफ राधा मोहन मीणा ने दौरा किया । दौरे के दौरान पुलिस महानिरीक्षक मीणा ने बटालियन के क्वार्टर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड से सलामी ली और बटालियन कैंपस के सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। मीणा ने बटालियन के जवानों के रहने के लिए बनाए गए आवासों का उद्घाटन भी किया। पुलिस महा निरीक्षक मीणा ने विशेष सैनिक सम्मेलन आयोजित कर बटालियन के जवानों से रूबरू हुए। जवानों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को यथाशीघ्र दूर करने हेतु आश्वस्त किया। वर्तमान में चल रही विश्वव्यापी कोरोना महामारी के बारे में जागृत किया। कोविड-19 के बचाव हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी की गई गाइड लाइनों का सख्ती से पालन करने, हमेशा मास्क पहनकर रहने, समय-समय पर साबुन से हाथ धोने, अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने,और एक दूसरे से दूरी बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। इसके अलावा मीणा ने कोविड-19 हेतु केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान के बारे में जागरूक कर आग्रह किया कि सभी कार्मिक टीकाकरण करवाएं तथा अपने परिवार के सभी सदस्यों का टीकाकरण हेतु जागरूक करें।केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों हेतु चलाई जा रही कल्याणकारी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर राधा मोहन मीणा पुलिस महानिरीक्षक आरएएफ, प्रवीण कुमार सिंह कमांडेंट 83 बटालियन, बलवीर सिंह उप कमांडेंट, सुरेश सिंह पायल द्वितीय कमान अधिकारी सहित अधिकारी गण, जवान उपस्थित रहे।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।